काल

PART-3

वर्तमान काल

(3) पूर्ण वर्तमान काल : जिन वाक्यों से यह पता चलता है कि क्रिया चल रहे समय में ही पूर्ण हो गयी है।

उदा॰- मैंने फल खाए हैं।
→ राम पाठ पढ़ चुका है।
→ मैं खेल चुका हूँ।
→ सीता अपना कार्य समय पर पूरा कर चुकी है।
→ श्याम ने गेंद खेली है।

(4) संदिग्ध वर्तमान काल	(5) संभाव्य वर्तमान काल
→ सा॰ वर्तमान काल के अंत में होगा लगाने से संदिग्ध वर्तमान काल बनता है। उदा॰- प्रियंका पढ़ती होगी। → जया खाना खाती होगी।	→ अपूर्ण वर्तमान काल के वाक्यों के अंत में होगा लगाने से संभाव्य वर्तमान काल बनता है। उदा॰- माता जी खाना बना रही होगी। → भाई खेल रहा होगा। → शीतल पत्र लिख रही होगी।

भविष्य काल

→ जो क्रिया आगे आने वाले समय का बोध कराती है, भविष्य काल कहलाता है।

उदा॰- वह बाजार जाएगा।
→ सीता खाना खाएगी।

⇒ भविष्य काल के तीन भेद होते हैं—
(i) सा॰ भविष्य काल
(ii) संभाव्य भविष्य काल
(iii) हेतु- हेतु मद् भविष्य काल

(1). सा० भविष्य काल – क्रिया का आने वाले समय मे होने का बोध कराने वाले वाक्य सा० भविष्यकाल के वाक्य होते है।

एगा, एगी, ऊगा आदि

उदा०- बच्चे पाठ पढ़ेंगे।
→ मैं I.A.S बनूँगा।
→ मैं इस वर्ष सरकारी नौकरी पा लूँगा।
→ संजना पत्र लिखेगी।

(2). संभाव्य भविष्य काल – जो वाक्य शायद, संभवत: से शुरू होते है वे वाक्य संभाव्य भविष्यकाल के होते है

उदा०- शायद आज वर्षा होगी।
→ शायद आज हमारी हिंदी पूरी हो जाएगी।
→ संभवत: आज वो मुझे मिल जाएगी।
→ हो सकता है कि कल मैं क्लास न लूँ।
→ शायद इस वर्ष फसल अच्छी होगी।

(3). हेतु हेतुमद भविष्य काल – इस काल के वाक्यो मे पहली वाली शर्त पर दूसरी शर्त लागू होती है।

उदा०-
→ यदि हम परिश्रम करेंगे, तो फल अवश्य मिलेगा।
→ यदि वर्षा होगी, तो फसल अच्छी होगी।
→ यदि छुट्टियाँ मिली, तो मैं मामा के यहाँ घूमने जाऊँगा।
→ यदि हम RWA से पढ़ेंगे, तो नौकरी जरूर लेंगे।

Q. भविष्य काल के वाक्य का चयन करिए –
(A) मोहिनी सोकर उठी है।
(B) श्याम पढ़ रहा है।
(C) मैं कल जम्मू-कश्मीर जाऊँगा। [✓]
(D) किसान खेत जोत रहा था।